स्कूल की आप से उम्मीदें

प्रारंभिक स्कूलों में माता-पिता / देख-भाल करने वालों को अकसर पूछा जाता है कि यदि वह अपने बच्चे की क्लास के फीलड-ट्रिप या क्लास की विशेष गतिविधियों के लिए उन की क्लासरूम में मदद कर सकते हैं। यह वोलंटियर बनने के लिए निमंत्रण होते हैं। अगर आप ऐसा कर पाते हैं तो यह आप के लिए स्कूल प्रणाली के बारे में और अपने बच्चे की पढाई के बारे में अधिक जानकारी प्रापत करने का एक अच्छा मौका होता है।

VSB

“What Schools Expect from Parents and Students”

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada | British Columbia | WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

विद्यार्थीयों और उन के परिवारों से स्कूल क्या ऊम्मीद् रखते हैं?

स्कूल की आप से उम्मीदें

विद्यार्थीयों के लिए

- हर रोज स्कूल में हाजिर हों और हर क्लास के शुरू होने से पहले ही समय पर क्लास में पहुंचें।
- पूरा आराम कर के और सीखने के लिए तैयार हो कर स्कूल में आएं।
- सुबह का नाशता कर के और अपने साथ हल्का जलपान और दोपहर का भोजन ले कर आएं (पेरेंटिंग ब्रोछर देखें)
- स्कूल के लिए सही पौशाक, मोसम और ऋतु के अनुकूल पहन कर आएं

माता-पिता / देखभाल करने वालों के लिए

- स्कूल / अध्यापक की ओर से घर भेजे जाने वाले नोटिस और पत्र को ध्यान से पढें, या किसी को अपने लिए अनुवाद करने को कहें।
- अध्यापक द्वारा भेजे हुए फार्म या याचना को तय की गई तारीख तक या उस से पहले वापिस भेजें।
- यदि आप के बच्चे को समझ नहीं आता कि क्लास में क्या करना है या बच्चे को स्कूल में किसी दूसरे बच्चे के साथ मुशकिल का साहमना करना पड़ रहा है तो अध्यापक को इतलाह करें।
- माता-पिता एवं अध्यापक की मुलाकात के लिए आवशय जाएं।
- यदि आप अपने बच्चे के बारे में कोई बात करना चाहते हैं या उस के सीखने संबंधी कोई प्रशन है तो अध्यापक के साथ स्कूल के बाद या सकूल के पहले मिलने के लिए समय नियत करें। अपाँइटमैंट हमेशा समय से पहले ही बना लें।
- सभी मुलाकातों के लिए हमेशा समय पर जाएं।



- टीचर के साथ वार्तालाप हमेशा छोटी रखें।
- यदि आप को अपने बच्चे के लिए कोई चिंता या परेशानी है तो अध्यापक से बात करें।
- अध्यापक को बताएं कि आप के बच्चे के साथ क्या ठीक चल रहा है।
- यदि आप को यह नहीं समझ आ रहा कि आप घर में बच्चे को किस तरह मदद कर सकते हैं, तो अध्यापक से पूछें कि आप को क्या करना चाहिए (“घर में आपके बच्चे को सीखने में मदद कर सकने के तरीके”भी देखें)